भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 759
उत्तर देने की तारीख 12 दिसंबर, 2022
सोमवार, 21 अग्रहायण,1944 (शक)

कौशल हब

759. श्री राजन बाबूराव विचारे: श्री बालाशौरी वल्लभनेनी: श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार महाराष्ट्र, जहां पलायन दर अधिक है, में और अधिक कौशल हब स्थापित करने का है;

(ख) महाराष्ट्र में ऐसे कौशल हबों में किस प्रकार के कौशल प्रशिक्षण की योजना बनाई गई है और सरकार द्वारा बुनियादी रूपरेखा और आवश्यक सहायता प्रदान करने हेतु क्या पहलें की जारही हैं;

(ग) क्या सरकार का आंध्र प्रदेश सहित सम्पूर्ण देश में कौशल हब स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो इस उद्देश्य के लिए आवंटित धनराशि का आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि हां, तो उक्त कौशल हबों के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने शिक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 3.0 (पीएमकेवीवाई 3.0) के केंद्रीय घटक के तहत 01.01.2022 को पायलट के तौर पर कौशल हब पहल (एसएचआई) शुरू की है। पीएमकेवीवाई 3.0- एसएचआई के तहत, महाराष्ट्र राज्य में 85 कौशल हब स्थापित किए गए थे। पीएमकेवीवाई 3.0- एसएचआई के तहत नामांकन 31.03.2022 को बंद कर दिया गया था।

(ख) एसएचआई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 (एनईपी, 2020) के तहत परिकल्पित सामान्य शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा को एकीकृत और मुख्यधारा में लाने का कार्य करता है। कौशल हब नोडल कौशल केंद्र हैं, जिन्हें शिक्षा बीच में छोड़ने वालों और शिक्षा से बाहर रहने वाले उम्मीदवारों को कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने के लिए अभिज्ञात किया गया है। पीएमकेवीवाई 3.0-एसएचआईके तहत, प्रशिक्षण प्रदाताओं को उम्मीदवारों के लिए प्रशिक्षण लागत प्रदान की गई।

(ग) पीएमकेवीवाई 3.0-एसएचआई के तहत, 1957 कौशल हब आंध्र प्रदेश राज्य में 48 सहित देश भर में स्थापित किए गए थे। पीएमकेवीवाई 3.0-एसएचआई के तहत स्किल हब की स्थापना के लिए अलग से निधि आबंटन का कोई प्रावधान नहीं है। पीएमकेवीवाई 3.0-एसएचआई के तहत नामांकन 31.03.2022 को बंद कर दिया गया था।

(घ) उपर्युक्त उत्तर (ग) को संदर्भित किया जा सकता है।

****